## महत्वपूर्ण एवं खास

### लॉक डाउन के दौरान उद्योगों से प्राप्त खाद्य एवं राशन सामग्री के भण्डारण एवं वितरण का कार्य होगा चक्रधर बाल सदन में

» खाद्य सामग्री के वितरण हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

» अधिकारी-कर्मचारियों की भी लगी ड्यूटी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19)को संक्रमण बीमारी घोषित किया गया है। उक्त संक्रमण बीमारी से भारत समेत पूरे विश्व में खतरा उत्पन्न हो गया है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार पूरे 21 दिनों के लिए देशव्यापी लॉक डाउन किया गया है। कलेक्टर यशवंत कुमार ने इस दौरान जिले में संचालित उद्योगों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले खाद्य एवं राशन सामग्री के भण्डारण एवं वितरण हेतु चक्रधर बाल सदन रायगढ़ को निर्धारित किया है। कलेक्टर ने खाद्य सामग्री का भण्डारण एवं वितरण सुनिश्चित करने हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री सीमा पात्रे को नोडल अधिकारी बनाया है एवं उनके सहयोग के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के.जाटवर एवं सहायक आयुक्त आदिवासी जितेन्द्र गुप्ता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। खाद्य सामग्री के वितरण समन्वय हेतु नायब तहसीलदार लीलाधर चन्द्रा, उपायुक्त पंकज मित्तल, सहायक उप निरीक्षक जे.पी.निषाद, उप अभियंता राजेश पण्डा, मिशन मैनेजर केदार पटेल तथा छात्रावास अधीक्षक अंकित नामदेव, आसिफ खान एवं रामकुमार बघेल, मंडल संयोजक कुमार तीर्थबुद्ध एवं लिपिक विष्णु अग्रवाल की ड्यूटी लगाई है।

### नियंत्रण कक्ष में सतत् मॉनिटरिंग के लिए डिप्टी कलेक्टरों की लगी ड्यूटी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने कोरोना वायरस के संबंध में कलेक्टोरेट रायगढ़ के कक्ष 19 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिसका हेल्प लाईन नंबर 07762-223750 है। हेल्प लाईन चौबीसो घंटे चालू रहेगा। नियंत्रण कक्ष की सतत् निगरानी एवं मॉनिटरिंग के लिए अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है तथा चार-चार घंटे के लिए तीन पालियों में डिप्टी कलेक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है तथा उन्हें निर्देशित किया गया है कि प्राप्त होने वाले सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उसकी सूचना संबंधित आवेदक को दे। ज्ञात हो कि प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक डिप्टी कलेक्टर अभिलाषा पैंकरा एवं सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक डिप्टी कलेक्टर सीमा पात्रे की ड्यूटी पर रहेंगी।

### मुख्यमंत्री ने कोरोना की रोकथाम के लिए दिए 2.20 करोड़

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं राहत के लिए अपने सहायता कोष से राज्य के 11 जिलों को 2 करोड़ 20 लाख की राशि प्रदान की है। कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, बलरामपुर, मुंगेली, कोरिया एवं कबीरधाम जिले को मुख्यमंत्री सहायता कोष से प्रदत्त 20-20 लाख रूपए की राशि से कोरोना वायरस (कोविड-19) के रोकथाम के लिए आवश्यक संसाधन, सामग्री एवं राहत की व्यवस्था की जाएगी।

### राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों को लिखा पत्र

» महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के माध्यम से आम जनता को कोरोना वायरस के बचाव के लिए जागरूक करने को कहा

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों को कोरोना वायरस कोविड-19 से बचाव के संबंध में एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय-महाविद्यालयों के छात्रों के माध्यम से आम जनता को जागरूक करने को कहा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि इस समय देश एवं प्रदेश नोबेल कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण के कारण उत्पन्न महामारी एवं विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। सम्पूर्ण प्रदेश को लॉकडाउन किया जा चुका है। नोबेल कोरोना वायरस कोविड-19 के विस्तार को रोके जाने हेतु यही एकमात्र साधन है इसके लिए राष्ट्र एवं राज्य स्तर पर मिल कर विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। राज्यपाल ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए सोशल डिस्टेसिंग को एकमात्र प्रभावी उपाय बताया है।

# लॉक डाउन के दौरान जरूरतमंदों का रखें विशेष ध्यान-संभागायुक्त बंजारे

» स्वास्थ्यकर्मियों का बढ़ाते रहें उत्साह-आई.जी. काबरा » बिलासपुर संभागायुक्त व आई जी ने कोरोना वायरस के संबंध में ली समीक्षा बैठक





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बिलासपुर संभाग आयुक्त भरत लाल बंजारे तथा आईजी दीपांशु काबरा ने आज रायगढ़ जिले की कोर कमेटी की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ली। इस दौरान कलेक्टर यशवंत कुमार पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह एडीएम राजेन्द्र कटारा जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी मौजूद रहे।

बिलासपुर संभागायुक्त भरत लाल बंजारे ने कहा कि लॉक डाउन के दौरान शासन के निर्देशों का भलीभांति पालन किया जाए। इसके साथ ही जरूरतमंद व जिले में फंसे श्रमिकों के रहने व खाने का उचित प्रबंधन हो। स्वास्थ्य विभाग पूरी सजगता से कार्य करे तथा होम आइसोलेशन में रखे लोगों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इस अवसर पर आई जी दीपांशु काबरा ने कहा कि यह बहुत चुनौतीपूर्ण समय है ऐसे में लोगों की सेहत की रक्षा में जो लोग लगे हैं उन सभी स्वास्थ्यकर्मियों का उत्साह बढ़ाना तथा उनको प्रेरित करते रहना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कानून व्यवस्था चाक चौबंद बनाये रखने की बात भी कही। यशवंत कुमार ने बैठक में कोरोना वायरस से निपटने के लिए जिले में की गयी तैयारियों की सिलसिलेवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मातृ व शिशु चिकित्सालय रायगढ़ को कोरोना वायरस के उपचार के लिए तैयार किया गया है। जहां पूर्व में निर्मित 30 बेडेड आइसोलेशन वार्ड को बढ़ाकर 100 बेडेड किया जा रहा है। शासन द्वारा उपलब्ध करवाए पीपीई किट के साथ सीएसआर से भी इन किट का प्रबंध किया जा रहा है।

मेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ाकर उन्हें ट्रेनिंग दे दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विदेशों व अन्य प्रदेशों से आये लोगों को ट्रेस व स्क्रीनिंग कर होम आइसोलेशन में रखा गया है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि नए निर्देश के अनुसार संविदा में चिकित्सकों की भर्ती की जानी है जिसके लिए रिटायर्ड डॉक्टरों को भी अनुबंधित करने की बात चल रही है।

## मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने त्वरित डाक सेवा के लिए केन्द्रीय संचार मंत्री से की चर्चा

» छत्तीसगढ़ में बढ़ेगी कोरोना वायरस टेस्टिंग की संख्या



**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज केन्द्रीय संचार मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद से फोन पर चर्चा कर छत्तीसगढ़ के लिए त्वरित डाक सेवा मुहैया कराने का आग्रह किया।

उन्होंने श्री प्रसाद से भारतीय डाक सेवा के माध्यम से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, पुणे या अन्य शहरों से मास्क, पी.पी.ई., दवाईयां और जांच व इलाज के लिए अन्य जरूरी समानों को छत्तीसगढ़ तक पहुंचाने तथा प्रदेश के भीतर विभिन्न क्षेत्रों में इनका त्वरित वितरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का अनुरोध किया। स्वास्थ्य मंत्री के आग्रह पर केन्द्रीय संचार मंत्री ने डाक विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। श्री प्रसाद ने छत्तीसगढ़ में भारतीय डाक सेवा के निदेशक को तुरंत फोन कर इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

डॉक सेवा के स्थानीय निदेशक ने स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव को फोन कर बताया कि दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ तक समान पहुंचाने और राज्य के भीतर इनका त्वरित वितरण सुनिश्चित करने के लिए डॉक विभाग पूरी तरह तैयार है। इसके लिए जरूरत के मुताबिक तत्काल गाड़ियां लगाई जाएंगी। श्री सिंहदेव ने बताया कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा संदिग्धों के कोरोना वायरस टेस्ट की व्यवस्था की जा रही है।

## डायल 112 इवेंट...

### लॉक डाउन में काफी मददगार साबित होता डायल 112 की आपातकालीन सेवा



» देर रात प्रसव पीड़िताओं के लिए इवेंट, ईआरव्ही ने पहुंचाया अस्पताल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लॉक डाउन में आपातकालीन सेवा डायल डायल 112 राइनो (ईआरव्ही) मुसीबत में फंसे लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पूर्व की भांति डायल 112 को विभिन्न प्रकार के इवेंट जैसे मेडिकल इमरजेंसी, रोड एक्सीडेंट, आगजनी, मारपीट आदि प्राप्त हो रहे हैं। इसमें गर्भवती महिलाओं के लिए मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट इन दिनों अन्य इवेंट से अधिक प्राप्त हो रहा है। दिनांक 30.03.2020 के रात्रि 2:00 बजे लैलूंगा राइनो को श्रीमती विजय कुमारी पति विजय कुमार उम्र 23 साल निवासी लैलूंगा को प्रसव पीड़ा के लिए इवेंट प्राप्त हुआ।



**न्याय साक्षी/रायगढ़। चक्रधरनगर** राइनो को रात्रि 2:15 बजे बांग्ला पारा चक्रधरनगर में रहने वाली संध्या यादव पति दिलीप यादव उम्र 24 वर्ष को अस्पताल पहुंचाने मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला, जो गर्भवती है।

**न्याय साक्षी/रायगढ़। पुसौर** राइनो को आज सुबह करीब 10:00 बजे ग्राम त्रिभैना की श्रीमती सुमन यादव पति टिकेश्वर यादव उम्र 21 वर्ष को प्रसव पीड़ा पर मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला।



### पिकअप की बैटरी फटने से लगी आग, राइनो और फायर ब्रिगेड की मदद से बुझाई गई

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पूंजीपथरा राइनो को दिनांक 30.03.2020 के सुबह 10:00 बजे लाखा और गेरवानी के बीच एक पिकअप के बैटरी फट जाने से पिकअप में आग लगने से आगजनी का इवेंट मिला। पूंजीपथरा के आरक्षक नरेश कुमार रजक व राइनो चालक तुलेश्वर राठिया मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड और ईआरवी स्टाफ द्वारा आग को बुझाया गया।

### कापू राइनो को जहर सेवन का इवेंट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कापु राइनो को दिनांक 30.03.2020 के सुबह 8:20 बजे ग्राम गोलाबुड़ा पड़कीपारा में रहने वाली करमी बाई एक्का पति अजीत एक्का उम्र 45 वर्ष निवासी गोलाबुड़ा पड़कीपारा द्वारा कीटनाशक दवाई का सेवन कर लेने पर मेडिकल इमरजेंसी का एजेंट मिला। इवेंट पर मौके पर पहुंचकर आरक्षक विजयनंद राठिया व राइनो चालक अजीत एक्का द्वारा सी.एच.सी. पत्थलगांव ले जाकर आहिता को भर्ती कराया गया है।

सरिया प्रभारी द्वारा स्वच्छता पर ध्यान देने के साथ घरों में रहने की दी जा रही है हिदायत

## सरिया पुलिस द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है सुरक्षा किट वितरण



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस (कोविड-19) के कारण हुई वैश्विक महामारी से देश में लॉक डाउन है। ऐसे में लोग जितने घर के अंदर रहेंगे उतना ही वे स्वयं और अपने परिवार को संक्रमण से बचाएंगे।

जिला व पुलिस प्रशासन लोगों से लगातार अपील कर रहा है कि अपने घरों में बने रहें, किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर प्रशासन को अवगत कराएं तत्काल राहत मिलेगी। कुछ लोगों द्वारा अभी भी लॉक डाउन का पालन न कर गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। लोगों द्वारा शारीरिक दूरी एवं स्वच्छता की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

लोगों में जागरूकता की कमी है जिसे देखते हुए थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक अंजना केरकेट्टा द्वारा आज अपने मातहत स्टाफ के साथ थाना क्षेत्र के ग्रामों का सतत भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता एवं एक दूसरे से शारीरिक दूरी के संबंध में बताया गया तथा इस लाक डाउन दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में गांव के प्रमुख लोगों से पूछा गया तथा उनका निदान कराने के संबंध में आश्वस्त किया गया।

गांव के भ्रमण दौरान टी.आई. अंजना केरकेट्टा व उनके स्टाफ द्वारा ग्राम नवापारा, खैरगड़ी एवं अन्य गांवों में चौहान समाज के प्रमुख लोगों के साथ घर घर जाकर लोगों को घर से बाहर न निकलने तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए बार बार हाथों को साबुन से धोने एवं भीड़ में एक दूसरे से दूरी बनाकर रखने की हिदायत दी गई है।

### जनगणना 2021 के प्रथम चरण का कार्य आगामी आदेश तक स्थगित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना आपदा को ध्यान में रखते हुए जनगणना 2021 के प्रथम चरण तथा एनपीआर अद्यतीकरण के कार्य को आगामी आदेश पर्यंत तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस आशय का पत्र केन्द्रीय जनगणना आयुक्त विवेक जोशी के द्वारा देश के समस्त राज्यों के मुख्य सचिवों को जारी किया गया है।

## पुलिस जवानों ने सिखा कोरोना से संक्रमित मरीज को रेस्क्यू करने का तरीका

» मेडिकल ऑफिसरों ने दिया जवानों को प्रशिक्षण







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिलों के मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में गठित कोरोनावायरस नियंत्रण टीम एवं सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसरों को कोरोना से संक्रमित मरीजों को रेस्क्यू करने के दौरान किन-किन बातों को ध्यान रखा जाए, रेस्क्यू दौरान स्वयं की सुरक्षा किस प्रकार की जावे इनका प्रशिक्षण पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों को दिए जाने हेतु कलेक्टर जिला रायगढ़ द्वारा निर्देशित किया गया है। ऐसे आपातकाल में रेस्कूय के लिए सबसे पहले पुलिस को ही रिस्पोंड करना होता है इसलिए यह प्रशिक्षण जवानों के लिए अत्यंत आवश्यक था। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर थाना यातायात में मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में गठित कोरोनावायरस नियंत्रण टीम के डॉक्टरों द्वारा कोरोनावायरस से बचाव हेतु किए जाने वाले आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय, कोरोनावायरस पहचान एवं लक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसी तरह रक्षित केंद्र, सहित सभी थाना/चौकियों में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को ब्लॉक मेडिकल ऑफिसरों द्वारा रेस्कूय का प्रशिक्षण दिया गया है।

## लॉक डाउन के दौरान निजी स्कूल संचालकों को शिक्षकों का वेतन नियमित रूप से देने के कलेक्टर ने दिए आदेश

आदेश का उल्लंघन करने पर स्कूल संचालकों के ऊपर होगी कार्यवाही एवं स्कूल की मान्यता होगी रद्द



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस (कोविड-19)के संक्रमण से बचाव हेतु पूरे विश्व में 21 दिनों के लिए लॉक डाउन किया गया है। इस दौरान जिले के निजी स्कूलों में कार्यरत स्कूल के कर्मचारियों द्वारा यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि स्कूल संचालकों द्वारा कार्यरत शिक्षक एवं स्टॉफ को मौखिक रूप से यह कहा जा रहा है कि चूंकि स्कूल बंद है एवं हमें इस सत्र का फीस प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके कारण आपको वेतन प्रदाय नहीं किया जाएगा। कुछ स्कूल संचालकों द्वारा शिक्षकों की सेवा समाप्ति करने के संबंध में भी निर्णय लेने का विचार किया जा रहा है जो कि अत्यंत गैर जिम्मेदाराना पूर्ण व्यवहार है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी यशवंत कुमार ने इस बात को गंभीरता से लेते हुए जिले के समस्त निजी स्कूल संचालकों को लॉक डाउन के दौरान स्कूल बंद होने की स्थिति में प्रत्येक कर्मचारियों का वेतन देने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस परिस्थिति में किसी भी शिक्षक एवं कर्मचारी की सेवा समाप्ति नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी एवं समस्त बैंक मैनेजर को कहा है कि स्कूल संचालक, स्कूल संचालन हेतु खोले गये बैंक खाते में उपलब्ध राशि को अन्य खाते में ऑनलाईन ट्रांसफर्र कर सकते है। अतः ऐसे खातों में शिक्षक एवं कर्मचारियों के वेतन के अलावा अन्य किसी भी प्रकार का लेनदेन पर रोक लगाए तथा तत्काल प्रभाव से उचित कार्यवाही करें। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को कहा कि ऐसे समस्त स्कूल संचालक जो इस आदेश का पालन नहीं करते है तो तत्काल उस पर आवश्यक दण्ड एवं शास्ति अधिरोपित करें और उल्लंघन करने पर उनकी मान्यता भी रद्द करने के संबंध में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## ज्यादा कीमत पर बेच रहे थे सामान, प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही दुकान भी करवाया बंद






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने लॉक डाउन के चलते लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आदेश निकालकर वस्तुओं के दाम तय किये थे।

उक्त आदेश के अनुसार दुकानदार सामाग्री विक्रय कर रहे या नही इसकी पड़ताल करने एसडीएम रायगढ़ आशीष देवांगन के मार्गदर्शन में नायब तहसीलदार लीलाधर चन्द्रा, नापतौल इंस्पेक्टर पाल सिंह डहरिया तथा फूड इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने कबीर चौक स्थित फूड मार्ट एवं श्यामा फ्लोर मिल में मूल्य वृद्धि की मिल रही शिकायतों पर जांच करने पहुंचे। जांच में पाया गया कि राहर दाल एवं मोहन भोग आटा निर्धारित मूल्य से कही अधिक कीमत पर बेचा जा रहा था। साथ ही वस्तुओं की पैकेजिग अमानक पायी गई। जिस पर मनमाना रेट अंकित किया गया था। संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा अधिनियम 2009 के तहत कार्यवाही की गई और जुर्माना लगाते हुए दुकान बंद करायी गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार लीलाधर चन्द्रा ने बताया कि इस प्रकार की छापामार कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित के ऊपर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।


## दैनिक न्यायसाक्षी
## स्वामित्व सम्बंधी घोषणा

**प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ बुक्स एक्ट 1867 ( 1956 की संशोधित धारा 19 डी के अनुसार ) स्वामित्व आदि के सम्बंध में विवरण :**

| | |
|---|---|
| प्रकाशन स्थल | दैनिक न्यायसाक्षी कार्यालय, प्लांट नं0 329, वार्ड नं0 24 , श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे, रायगढ़, छत्तीसगढ़। |
| प्रकाशन आवधिकता | दैनिक |
| मुद्रक का नाम | सी.बी.वर्मा |
| पता | प्लांट नं0 329, वार्ड नं0 24, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़, छत्तीसगढ़। |
| राष्ट्रीयता | भारतीय |
| प्रकाशक का नाम | सी.बी.वर्मा |
| पता | प्लांट नं0 329, वार्ड नं0 24, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़, छत्तीसगढ़। |
| राष्ट्रीयता | भारतीय |
| संपादक का नाम | सी.बी.वर्मा |
| | प्लांट नं0 327, वार्ड नं0 24, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़, छत्तीसगढ़। |
| राष्ट्रीयता | भारतीय |
| उन व्यक्तियों के नाम व पते जो इस अखबार के मालिक या साझेदार हैं, या जो इसकी जारी पूॅजी के एक प्रतिशत से अधिक के हिस्सेदार हैं। | सी.बी.वर्मा |

मैं सी.बी.वर्मा यह घोषित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण मेरी पूर्ण जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही एवं सत्य है।

दिनॉक 31.03.2020

सी.बी.वर्मा
सही / प्रकाशक